भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1692**
जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

## राष्ट्रीय राजमार्ग-168 पर बाईपास का निर्माण

1692. श्री लुम्बा रामः
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार का विचार डीसा-धनेरा राष्ट्रीय राजमार्ग-168क पर स्थित रेवदार और मंदार शहरों के निकट बाईपास बनाने का है, जो झेरडा से मंदार, रेवदर (प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-168 का स्थान) होते हुए सिरोही राज्य राजमार्ग तक जाएगा और जिसका राष्ट्रीय राजमार्ग-62 में विलय होगा;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार का विचार उक्त दोनों घनी आबादी वाले शहरों के निकट लगने वाले ट्रैफिक जाम से छुटकारा पाने के लिए झेरडा-मंदार-सिरोही सड़क को चार लेन बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) गुजरात राज्य में झेरदा से पंथावड़ा तक का सड़क खंड एक राज्य राजमार्ग है और पंथावड़ा को गुंडारी (गुजरात/राजस्थान सीमा) से जोड़ने वाले सड़क के 10 किलोमीटर खंड को 5 सितंबर, 2014 को एनएच-168 के रूप में अधिसूचित किया गया था, लेकिन इसे केंद्र सरकार को नहीं सौंपा गया है। गुजरात राज्य सरकार ने झेरडा - पंथावड़ा - गुंडारी को जोड़ने वाली सड़क को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) टोल मोड के माध्यम से पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन विन्यास में विकसित किया है, जिसके लिए रियायत अवधि 29.03.2038 तक है। गुजरात में पंथावड़ा को गुंडारी (गुजरात/राजस्थान सीमा) से जोड़ने वाले एनएच-168 के खंड को 4-लेन एनएच मानकों के अनुसार विकसित करने का इस चरण पर कोई प्रस्ताव नहीं है।

गुजरात/राजस्थान सीमा, मंदार, रेवदर को सिरोही से जोड़ने वाली लगभग 76.4 किलोमीटर लंबी सड़क (एनएच-168) भी पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन की है। राजस्थान सरकार ने सितंबर, 2024 तक रियायत अवधि के साथ बीओटी (टोल) के माध्यम से सड़क का विकास किया; राजस्थान सरकार ने हाल ही में अक्टूबर, 2024 में इस सड़क/एनएच को मंत्रालय को सौंप दिया है। शहरों के लिए बाईपास सहित राजस्थान में एनएच 168 के मंदार - सिरोही खंड के उन्नयन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए परामर्शी सेवाओं के लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं।

*****